दिन– सोमवार दिनांक– 30 ⁄ 06 ⁄ 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

प्रदेश में छह नगर पंचायतों में आम चुनाव और छत्तीस अन्य नगर निकायों में उपचुनाव के मतों की गणना जारी है। सबसे पहले ई–वोटिंग के तहत दिये गये मतों की गिनती की जा रही है। इसके बाद ईवीएम के वोट गिने जायेंगे। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार छब्बीस जिलों के सभी संबंधित अनुमंडलों में मतगणना हो रही है। इस चुनाव में पांच सौ अड़तीस उम्मीदवार मैदान में हैं। निकाय चुनाव में नौ उम्मीदवार र्निविरोध निर्वाचित हो चुके हैं, जबकि तीन पदों पर उच्च न्यायालय के आदेश के कारण निर्वाचन स्थगित कर दिया गया है। एक सौ इक्कीस वार्ड पार्षद, सात मुख्य पार्षद और आठ उपमुख्य पार्षद के लिए अट्ठाईस जून को मतदान हुआ था। देश में पहली बार बिहार में मोबाईल एप के जरिए ई–वोटिंग हुई, जिसके लिए पचास हजार से ज्यादा मतदाताओं ने रजिस्ट्रेशन कराया था। पंजीकृत सत्तर प्रतिशत से अधिक लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

———————————————————————————

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि हथियारबंद माओवादियों से किसी तरह की बातचीत नहीं की जाएगी। उन्होंने तेलंगाना के निजामाबाद में किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासियों, पुलिसकर्मियों और सुरक्षाकर्मियों की हत्या करने वालों से कोई बातचीत नहीं हो सकती। गृह मंत्री ने वामपंथी उग्रवादियों से हथियार छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने का आह्वान किया।

———————————————————————————

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे बोर्ड को ट्रेन प्रस्थान से आठ घंटे पहले आरक्षण चार्ट तैयार करने की दिशा में काम शुरू करने का निर्देश दिया है। इस कदम से प्रतीक्षा सूची के टिकट वाले यात्रियों की अनिश्चितताओं में कमी आएगी। यह प्रतीक्षा

सूची के टिकट कंफर्म नहीं होने की स्थिति में यात्रियों को वैकल्पिक प्रबंध करने का और समय भी प्रदान करेगा।

——————————————————————————————

भारतीय जनता पार्टी ने आज राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव पर वक्फ संशोधन अधिनियम पर उनके विवादास्पद बयान के लिए निशाना साधा। नई दिल्ली में आज संवाददाताओं को संबोधित करते हुए पार्टी प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि इससे साफ पता चलता है कि बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता न तो संसद का सम्मान करते हैं और न ही न्यायपालिका का। उन्होंने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि कल ही पटना में तेजस्वी यादव ने एक जनसभा में कहा कि संसद द्वारा पारित कानून को कूड़ेदान में फेंक दिया जाएगा।

——————————————————————————————

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के मामले में राजस्थान के पूर्व मूख्यमंत्री और कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने चुनाव आयोग पर सवाल उठाए हैं। पटना में सवांददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन एक बड़ा मुद्दा है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है कि वह पक्ष—विपक्ष से बात कर भ्रम को दूर करें।

——————————————————————————————

प्रदेश में लगातार मॉनसूनी बारिश जारी है। मौसम विभाग ने आज गया, बक्सर, अरवल और जमुई समेत बारह जिलों में बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। विभाग के अनुसार इस दौरान रोहतास और औरंगाबाद समेत पांच जिलों में बहुत भारी बारिश का पूर्वानुमान है। वहीं शेष स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की सम्भावना है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान राजधानी पटना समेत अन्य जिलों में अच्छी बारिश के समाचार हैं। इस अवधि में वैशाली जिले में छत्तीस दशमलव पांच मिलीमीटर, गोपालगंज में तीस दशमलव पांच और पटना में चौदह दशमलव पांच मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में अब तक सामान्य से चौंतीस प्रतिशत

कम बारिश हुई है। विभाग के अनुसार उनतीस जून तक सामान्य तौर पर एक सौ पचास मिलीमीटर बारिश होनी चाहिए थी लेकिन अब तक लगभग सौ मिलीमीटर बारिश ही हुई है।

——————————————————————————————

उत्तराखंड में तेज बारिश के कारण चार धाम यात्रा पर लगाया गया प्रतिबंध, आज हटा लिया गया है। मौसम विभाग ने आज उत्तराखंड के कई क्षेत्रों में मूसलाधार बारिश की चेतावनी जारी की है और तीर्थयात्रियों को सतर्क रहने की सलाह दी है। इधर, स्थानीय प्रशासन ने यात्रा मार्ग पर वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित करने के निर्देश दिए हैं।

——————————————————————————————

अररिया जिले के जोगबनी में एसएसबी ने फारबिसगंज से एक वाहन से आठ सौ सतासी बोतल प्रतिबंधित कोडिनयुक्त सीरप के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

——————————————————————————————

समाप्त